एनएलयू जोधपुर का साइबर सिक्योरिटी एडवाइजर्स नेटवर्क के साथ एमओयू

जोधपुर (नस)। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर ने साइबरसिक्योरिटी एडवाइजर्स नेटवर्क के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सियान पेरिस (फ्रांस) स्थित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय गैर–लाभकारी संगठन है। यह साझेदारी भारत (तथा एशियाई क्षेत्र) के किसी भी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और सियान के बीच अपनी तरह का पहला संस्थागत सहयोग है। यह समझौता विशेषज्ञ मार्गदर्शन कार्यक्रमों, विशेष प्रशिक्षण, संयुक्त जागरूकता अभियानों तथा अंतरराष्ट्रीय ज्ञान आदान–प्रदान के माध्यम से साइबर सुरक्षा शिक्षा और क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करेगा। इसमें साइबर लॉ, साइबर अपराध जांच, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, एआई गवर्नेंस, उभरती प्रौद्योगिकियाँ आदि प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

दैनिक नवज्योति
Jodhpur City - 24 Mar 2026 -

बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

एनएलयूजे : साइबर सिक्योरिटी एडवाइजर्स नेटवर्क के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर

जोधपुर/नवज्योति। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर (NLUJ) ने साइबरसिक्योरिटी एडवाइजर्स नेटवर्क (CyAN) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। CyAN पेरिस, फ्रांस स्थित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है। यह साझेदारी भारत (तथा एशियाई क्षेत्र) के किसी भी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और CyAN के बीच अपनी तरह का पहला संस्थागत सहयोग है। यह समझौता विशेषज्ञ मार्गदर्शन कार्यक्रमों, विशेष प्रशिक्षण, संयुक्त जागरूकता अभियानों तथा अंतरराष्ट्रीय ज्ञान आदान-प्रदान के माध्यम से साइबर सुरक्षा शिक्षा और क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करेगा। इसमें साइबर लॉ, साइबर अपराध जांच, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, एआई गवर्नेंस, उभरती प्रौद्योगिकियां आदि प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, कुलपति, NLUJ ने कहा कि यह सहयोग वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता को विधि शिक्षा के क्षेत्र में लाता है। एआई और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विधि के छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक कौशल और अंतर्दृष्टि से सुसज्जित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक है, जो एक सुरक्षित डिजिटल भारत के निर्माण में सहायक होगा। जीन-क्रिस्टोफ ले तोक्विन, अध्यक्ष ने कहा कि NLUJ के साथ साझेदारी हमारे लिए गर्व का विषय है। हम प्रशिक्षण, शोध, जागरूकता और विधि, प्रौद्योगिकी तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बीच सेतु निर्माण के माध्यम से वास्तविक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। यह सहयोग ठछव जोधपुर के विधि और प्रौद्योगिकी के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है तथा एशिया में CyAN की पहुंच को और विस्तार देता है।

एनएलयू जोधपुर का अंतरराष्ट्रीय संगठन से करार

साइबर सुरक्षा शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

24.3.2026

जोधपुर @ पत्रिका. राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) ने साइबर सिक्योरिटी एडवाइजर्स नेटवर्क (स्यान) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पेरिस स्थित यह अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कार्य करता है। कुलपति प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने कहा कि इस साझेदारी के तहत विशेषज्ञ मार्गदर्शन, विशेष प्रशिक्षण, संयुक्त जागरूकता अभियान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। साइबर लॉ, साइबर अपराध जांच, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, एआई गवर्नेंस और उभरती तकनीकों जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। यह सहयोग विधि शिक्षा को वैश्विक विशेषज्ञता से जोड़ने की दिशा में अहम कदम है। स्यान के अध्यक्ष जीन-क्रिस्टोफ ले तोक्विन ने इसे ज्ञान, शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने वाला कदम बताया।